Kanpur News: नकली एशियन पेंट फैक्ट्री का भंडाफोड़, माल सहित दो कर्मचारी हिरासत में

Kanpur News: कानपुर जिले के हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के एक इलाके में पुलिस ने छापा मारकर नकली एशियन पेंट बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने माल सहित दो कर्मचारियों को हिरासत में लिया। और संचालक को भनक होते ही फरार हो गया। पुलिस को मौक़े से पेंट फैक्ट्री के नकली स्टिकर्स, ढक्कन समेत अन्य सामग्री बरामद की काफी समय से चल रहा था काम पुलिस को दिल्ली मयूर विहार निवासी अभिषेक वशिष्ठ ने बताया कि वह एशियन पेंट्स में कार्यरत है। पिछले काफी समय से अर्रा क्षेत्र में कंपनी का नकली पेंट बनाकर बेचने की सूचनाएं मिल रही थीं। जिसकी शिकायत कंपनी के कर्मचारी अनुज कुमार सिंह ने हनुमंत विहार पुलिस से की थी। आज हनुमंत विहार पुलिस थाना फोर्स के साथ बंशी विहार अर्रा रोड स्थित सिंह द्वार के पास वैद्यनाथ इंडस्ट्री में छापेमारी कर दी। जहां फैक्ट्री में पेंट बनाया जा रहा था। और नकली पेंट फैक्ट्री का खुलासा हो गया। पुलिस को देख फैक्ट्री में हड़कंप मच गया। वहीं फैक्ट्री संचालक भनक लगते ही मौके से फरार हो गया।

Source: https://newstrack.com/uttar-pradesh/kanpur-nagar/fake-asian-paint-factory-caught-two-employees-along-with-goods-detained-447796